# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की

## जिला सोलन (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2022-23

11 मार्च, 2023 (शनिवार) प्रातः 11:00 बजे

मुख्य अतिथि

# श्री संजय अवस्थी

(माननीय मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. सरकार)

**प्रस्तुतकर्ताः- प्राचार्य**

**राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की**

**जिला सोलन (हि.प्र.)**

# राजकीय महाविद्यालय अर्की, जिला सोलन (हि.प्र.)

## वार्षिक-प्रतिवेदन 2022-23

परम् सम्माननीय मुख्यातिथि श्री संजय अवस्थी जी माननीय मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. सरकार। महानुभाव अतिथिगण, प्रशासनिक अधिकारियों, अभिभावक-प्राध्यापक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य, पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष व अन्य सदस्य, मिडिया प्रभारी, महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी व प्रिय विद्यार्थियों! महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के गौरवमय अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक अभिन्नदन करता हूँ। यह हमारे लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि एक उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ, माननीय मुख्य संसदीय सचिव श्री अवस्थी जी हमारे समारोह के मुख्यातिथि हैं। हिमाचल प्रदेश के सतत् विकास में आपकी कर्त्तव्य परायणता, प्रतिबद्धता और निर्णय क्षमता हमारे लिए अत्यन्त प्रेरणादायक है।

माननीय महोदय् अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2022-23 के अन्तर्गत महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ।

### महाविद्यालय-परिचय -

राजकीय महाविद्यालय अर्की 6 जुलाई, 1994 से मुख्य रूप से 3 संकायों के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस महाविद्यालय से विभिन्न छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण करने के बाद अनेक कार्य क्षेत्रों में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के Section 2 (f) and 12(B) of UGC के अधिनियम के अन्तर्गत नैक द्वारा बी ग्रेड से अलंकृत है। इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर के विभिन्न Degree कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। जिसमें मैडिकल, नॉन मैडिकल, वाणिज्य एवं कला संकाय प्रमुख हैं। इस महाविद्यालय में Bachelor of Computer Application के साथ कम्प्यूटर में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA) में भी स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत शिक्षा प्रदान की जा रही है। यह सभी कार्यक्रम Choice Based Credit System रूसा के अन्तर्गत है। यह महाविद्यालय अर्की ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस महाविद्यालय में सभी विज्ञान प्रयोगशालाओं, कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं तथा पूरे कैम्पस में Wi-Fi की सुविधाएं उपलब्ध है।

**2022–23 में विद्यार्थियों का संकाय एवं श्रेणी आधार पर वर्गीकरण निम्न प्रकार से है–**

**वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारणी:–**

**Stream wise/Category wise enrollment of students as on 31-01-2023 in R/o Govt. Degree College Arki, Distt-Solan, H.P-173208**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | Class B.A./B.Sc./ B.Com (I, II, III) | General | | SC | | ST | | OBC | | A (3+5+ 7+9) | B (4+6+ 8+10) | G.Total (11+12) | Handi-caped | | Muslim | | Sikh | | Cristian | | Bodhas | | Jains | | Others | | Total (14+16+18) | Total (15+17+19) | Total (28+29) |
| | | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | All | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | All |
| Arts | B.A. 1st Year | 42 | 95 | 25 | 42 | 0 | 0 | 2 | 7 | 69 | 144 | 213 | | | 0 | 2 | | | | | 1 | | | | | | 1 | 2 | 3 |
| | B.A. 1st Year | 47 | 101 | 17 | 42 | 0 | 1 | 1 | 0 | 65 | 144 | 209 | | | 1 | 3 | | | | | | | | | | | 1 | 3 | 4 |
| | B.A. 1st Year | 28 | 70 | 12 | 30 | 1 | 2 | 1 | 5 | 42 | 107 | 149 | | | | 5 | | 1 | | | | | | | | | 0 | 6 | 6 |
| | | 117 | 266 | 54 | 114 | 1 | 3 | 4 | 12 | 176 | 395 | 571 | | | 1 | 10 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | | | | | 2 | 11 | 13 |
| Science | B.Sc. 1st Year | 7 | 9 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 10 | 20 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 7 | 20 | 4 | 6 | 0 | 0 | 1 | 2 | 12 | 28 | 40 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 15 | 16 | 6 | 12 | 0 | 0 | 2 | 0 | 23 | 28 | 51 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 29 | 45 | 13 | 19 | 0 | 0 | 3 | 2 | 45 | 66 | 111 | | | 0 | 0 | 0 | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| Commerce | B.Com 1st Year | 8 | 8 | 7 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15 | 15 | 28 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com 2nd Year | 8 | 18 | 6 | 5 | 0 | 0 | 1 | 1 | 15 | 24 | 39 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com 3rd Year | 15 | 17 | 9 | 6 | 0 | 0 | 1 | 3 | 25 | 26 | 51 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 31 | 43 | 22 | 16 | 0 | 0 | 2 | 4 | 55 | 63 | 118 | | | 0 | 0 | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| Arts | BCA 1st Year | 9 | 7 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 8 | 21 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | BCA 2nd Year | 7 | 2 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 4 | 14 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | BCA 3rd Year | 6 | 4 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 6 | 14 | | | | | | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 22 | 13 | 9 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 31 | 18 | 49 | | | 0 | 0 | 0 | | | | | | | | | | 0 | 0 | 0 |
| PGDCA | 1st Sem. | 4 | 8 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 11 | 16 | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Grand Total | | 199 | 367 | 98 | 154 | 1 | 3 | 9 | 18 | 307 | 553 | 865 | 0 | 0 | 1 | 10 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 11 | 13 |

Principal
Govt. Degree College Arki
Teh. Arki, Distt. Solan (H.P.)

## परीक्षा परिणाम –

वर्ष 2021–22 के परीक्षा परिणाम का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Class | Total Student Appeared | Student Passed | Student Failed | Pass (%) |
|---|---|---|---|---|
| B.A.1st | 249 | 181 | 68 | 73% |
| B.A.2nd | 166 | 159 | 7 | 96% |
| B.A. 3rd | 207 | 204 | 1 | 99% |
| B.Sc. 1st | 47 | 13 | 34 | 28% |
| B.Sc. 2nd | 57 | 31 | 26 | 54% |
| B.Sc. 3rd | 85 | 78 | 07 | 92% |
| B.Com. 1st | 40 | 26 | 14 | 65% |
| B.Com. 2nd | 62 | 57 | 05 | 92% |
| B.Com. 3rd | 79 | 75 | 04 | 95% |
| BCA 2nd Sem | - | - | - | - |
| BCA 4th Sem | 14 | 14 | - | 100% |
| BCA 6th Sem | 10 | 10 | - | 100% |

## बजट–प्रावधान–

इस वर्ष महाविद्यालय को 3 करोड़, 96 लाख 94 हजार का बजट प्राप्त हुआ जो वेतन, चिकित्सा भत्ता आदि के रूप में मिला।

वर्ष 2022–23 मे उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के तहत इस महाविद्यालय को एक करोड़ रूपये की राशि सरकार द्वारा प्रदान की गई। जिसका व्यय निम्न निर्माण सम्बन्धि कार्यों को पूर्ण करने के लिए किया गया। इसके अन्तर्गत एक स्मार्ट व्र्युल क्लास रूम को आरम्भ किया गया। इसके अतिरिक्त विडियो कॉन्फ्रेन्स रूम स्थापित किया गया। महाविद्यालय में एक लैंग्वेज लैब को स्थापित किया गया, जिसके लिए 13 कम्प्यूटर और Interactive Touch Penal स्थापित किया गया।

महाविद्यालय में सम्पूर्ण प्रवेश ऑनलाइन करवाने के लिए तथा Hi-tech Office कार्य के लिए HPSEDC Software की खरीद की गई। इसके अतिरिक्त Office Digitalization के लिए 8 i-7 कम्प्यूटर लगाए गए। पुस्तकालय के लिए Automatic Kiosk खरीदा गया।

संगीत विभाग के लिए वाद्य यन्त्र खरीदे गए। महाविद्यालय में एक केन्द्रीय अनुसन्धान प्रयोगशाला बनाई गई, जिसमें विज्ञान संकायों के उपकरण लगाए गए। महाविद्यालय में कम्यूकेशनल फिजिक्स लैब स्थापित की गई, जिसमें 5 कम्प्यूटर लगाए गए। महाविद्यालय में डिजिटल सूचना पट्ट के लिए एक गेट का निर्माण किया गया तथा माँ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के कला संकाय ब्लॉक एवं प्रशासकीय ब्लॉक में रंग–रोगन करवाया गया।

## छात्रवृत्तियां –

इस वर्ष कुल 53 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जिसमें विभिन्न श्रेणीवार विवरण निम्न प्रकार से है:-

सामान्य वर्ग–16, आर्थिक पिछड़ा वर्ग–5, अनुसूचित जाति–18, अन्य पिछड़ा वर्ग–14

## पुस्तकालय–

महाविद्यालय के तीसरे तल पर पुस्तकालय स्थापित है हमारे पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 7000 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस वर्ष पुस्तकालय में 42000 रुपये की पुस्तकें खरीदी गई। पुस्तकालय में इसके अलावा 18 पत्रिकाएँ तथा 5 दैनिक समाचार पत्र विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए उपलब्ध करवाए जाते हैं।

## शिक्षक/गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग –

महाविद्यालय में इस समय 24 शिक्षक, 1 पुस्तकालय प्रभारी और 17 गैर–शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। जबकि 4 शिक्षक और 3 अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त हैं।

शिक्षक स्टाफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. जगदीश चन्द | संस्कृत |
| 2. | प्रो. मंजु लता शर्मा | कैमिस्ट्री |
| 3. | डॉ. हेत राम | वाद्य संगीत |
| 4. | डॉ. राजन तनवर | हिन्दी |
| 5. | डॉ. रमेश शर्मा | अंग्रजी |
| 6. | डॉ. हेम राज सूर्या | जूलॉजी |
| 7. | प्रो. अरुण कुमार ठाकुर | वाणिज्य |
| 8. | डॉ. मुनीष शर्मा | वाणिज्य |
| 9. | प्रो. पुनीत ठाकुर | वाणिज्य |
| 10. | डॉ. सुशील शर्मा | बॉटोनी |
| 11. | डॉ. अन्जन कौर | लोक साहित्य |
| 12. | डॉ. वीना शर्मा | अंग्रेजी |
| 13. | श्री चमन पिस्ता | गणित |
| 14. | प्रो. सुमन कुमारी | गणित |
| 15. | डॉ. संजीव कुमार | अंग्रेजी |
| 16. | डॉ. धन देव शर्मा | जियोग्राफी |
| 17. | श्री आदर्श शर्मा | जियोग्राफी |
| 18. | डॉ. कामिनी शर्मा | कैमिस्ट्री |
| 19. | श्री रवि राम | शारीरिक शिक्षा |
| 20. | श्री योगेश कुमार | कंठ संगीत |
| 21. | प्रो. हेम लता | इतिहास |
| 22. | श्रीमती अरुण बाला | पुस्तकालय अध्यक्ष |
| 23. | श्री खेम राज | बी.सी.ए. |
| 24. | श्री देवेन शर्मा | बी.सी.ए. |
| 25. | कुमारी रीतिका | बी.सी.ए. |
| 26. | श्री नीरज शर्मा | बी.सी.ए. |
| 27. | कुमारी सुमन शर्मा | बी.सी.ए. |

गैर शिक्षक स्टाफः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कान्ता पंकज | अधीक्षक ग्रेड–1 |
| 2. | श्री चमन लाल रघुवंशी | अधीक्षक ग्रेड–2 |
| 3. | श्री राजु | वरिष्ठ सहायक |
| 4. | श्री रोहित शर्मा | वरिष्ठ व्याख्यान सहायक |
| 5. | श्री बुलि चन्द | वरिष्ठ व्याख्यान सहायक |
| 6. | श्री राजेश्वर शर्मा | लिपिक |
| 7. | श्री किशोर कुमार रावत | कनिष्ठ व्याख्यान सहायक |
| 8. | श्री सुधीर पाल | कनिष्ठ व्याख्यान सहायक |
| 9. | श्रीमती पार्वती देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| 10. | श्री वेद प्रकाश | प्रयोगशाला परिचर |
| 11. | श्री लोकेश कुमार | तबला वादक |
| 12. | श्री प्रकाश चन्द | सेवादार |
| 13. | श्रीमती सावित्री देवी | सेवादार |
| 14. | श्रीमती निर्मला देवी | सेवादार |
| 15. | श्रीमती रीमा देवी | सेवादार |
| 16. | श्रीमती रोशनी देवी | सेवादार |
| 17. | श्रीमती पवना देवी | सेवादार |
| 18. | श्री जगतार सिंह | सेवादार |

इस वर्ष अनेक शिक्षक/गैर शिक्षक कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए और उनके स्थान पर अन्य शिक्षक/कर्मचारी महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए जिनका विवरण इस प्रकार से हैः-

## आगमनः-

| | |
|---|---|
| डॉ. राजन तनवर | सह आचार्य |
| प्रो. चमम पिस्ता | सहायक आचार्य |
| प्रो. सुमन कुमारी | सहायक आचार्य |
| प्रो. हेमलता | सहायक आचार्य |
| प्रो. यशपाल | सहायक आचार्य |
| डॉ. धनदेव शर्मा | सहायक आचार्य |
| डॉ. योगेश कुमार | सहायक आचार्य |
| श्रीमती कान्ता पंकज | अधीक्षक ग्रेड-1 |
| श्री बुली चन्द | वरिष्ठ व्याख्यान सहायक |
| श्री सुधीर पाल | कनिष्ठ व्याख्यान सहायक |

## प्रस्थानः-

| | |
|---|---|
| डॉ. दिनेश कंवर | अंग्रेजी विभाग |
| प्रो. रेणु | भूगोल विभाग |
| डॉ. अंजली चौहान | समाज शास्त्र |
| प्रो. शिव कुमार | गणित |
| डॉ. अनुज शर्मा | भौतिक विज्ञान |
| डॉ. प्रेम पाल | कंठ संगीत |
| डॉ. श्रवण कुमार | अर्थशास्त्र |

## सेवानिवृत्ति -

इस वर्ष हिन्दी विभाग के डॉ. सुशील कुमार, श्री ऋषि देव (SLA) तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मी श्रीमती विद्या देवी सेवानिवृत हुए।

## संस्थान की अपेक्षाएं -

प्रत्येक संस्थान की कुछ अपेक्षाएं होती हैं। परन्तु संसाधनों के अभाव में उसकी पूर्ति नहीं हो पाती इसके लिए सरकार या प्रशासन से यथेष्ट सहयोग मिलने पर ही समाधान हो पाता है। इस महाविद्यालय की अपेक्षाएं इस प्रकार से है -

महाविद्यालय में 8 टाइप फोर तथा 4 टाइप वन या टाइप टू के आवासों का निर्माण किए जाने के लिए उचित धन की व्यवस्था करवाई जाए।

महाविद्यालय में एक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाना अति आवश्यक है।

महाविद्यालय में कॉमर्स ब्लॉक का निर्माण करवाया जाना भी अति अपेक्षित है क्योंकि कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त क्लासरूम नहीं है जिस कारण से उनकी पढ़ाई बाधित होती है।

## अभिभावक–प्राध्यापक संघ –

अभिभावकों, छात्रों और महाविद्यालय–प्रशासन के मध्य उचित समन्वय और विचारों के आदान–प्रदान के लिए इस संस्थान में यह संघ विगत कई वर्षों से प्रयासरत है। इस वर्ष महाविद्यालय में इस संघ का गठन प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. जगदीश चन्द शर्मा की अध्यक्षता में 10 सितम्बर, 2022 को किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित कार्यकारिणी चयनित की गई–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | – श्रीमती सुनीता रघुवंशी | उपाध्यक्ष | – श्री कमलेश गुप्ता |
| सचिव | – डॉ. सुशील शर्मा | उप–सचिव | – श्री राकेश ठाकुर |
| कोषाध्यक्ष | – डॉ. अरूण ठाकुर | | |

इस संघ के सहयोग से महाविद्यालय ने इस सत्र मे समय–समय पर रिक्त स्थानों पर शिक्षक व अन्य कर्मचारियों की तैनाती करवाई जिससे अध्यापन और अन्य कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

## पूर्व–छात्र संघ –

महाविद्यालय में पूर्व–छात्र संघ का गठन भी किया गया है जो समय–समय पर इस संस्थान को हर तरह से सहयोग देने में तत्पर रहता है। वर्तमान में श्री दीपक गुप्ता इस संघ के अध्यक्ष हैं।

## 'पुष्पिता' पत्रिका–

छात्रों में रचनात्मक प्रतिभा उत्पन्न करने के लिए महाविद्यालय मे हर वर्ष 'पुष्पिता' पत्रिका का प्रकाशन होता है। इस वर्ष इसके मुख्य संपादक डॉ. रमेश शर्मा हैं। पत्रिका के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, पहाड़ी एवं योजना अनुभाग हैं। प्रत्येक अनुभाग के लिए स्वतंत्र रूप से प्राध्यापक–संपादक और छात्र–संपादक का चयन किया जाता है।

## स्व–वित्तपोषित कार्यक्रम –

स्व–वित्तपोषित कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में बी.सी.ए. और पी.जी.डी.सी.ए. एवं एड्–ऑन के पाठयक्रम पढ़ाए जा रहे हैं। वर्तमान में इनके समन्यवयक क्रमशः डॉ. रमेश शर्मा, डॉ. सुशील शर्मा व डॉ. आदर्श शर्मा हैं।अनुदीप संस्था ने जो कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा समर्थित है बी.ए, बी.कॉम एवं स्ववित्त पोषित योजना के तहत चल रहे पाठयक्रमों के छात्रों के लिए दिनाँक 07/02/2023 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 60 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडिट कोर–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडिट कोर की एक इकाई है। इसके कैडिट्स की संख्या 46 है। इनकी कमान डॉ. अरूण ठाकुर के नेतृत्व में है। इस वर्ष एन.सी.सी. इकाई की उपलब्धियां इस प्रकार रही हैः–

31 मई, 2022 को राष्ट्रीय कैडिट कोर इकाई ने महाविद्यालय परिसर से अर्की बाजार तक रैली निकाली तथा लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचने के उपाय बताए।

5 जून, 2022 को पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनाँक 15 जून से 25 जून, 2022 तक महाविद्यालय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडिटों ने जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार में C.A.T.C. शिविर में भाग लिया।

दिनाँक 2 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक एन.सी.सी. कैडिटों ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के साथ आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला मनाई।

दिनाँक 13 अगस्त, 2022 को एन.सी.सी. लेफ्टिनेंट विनोद कुमार ने पी.आई स्टाफ के सदस्यों के साथ महाविद्यालय में शहीद परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया।

दिनाँक 3 सितम्बर, 2022 को 18 कैडिटस का नामांकन किया गया।

दिनाँक 9 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय के 2 कैडिटों ने रोहतक (हरियाणा) के अग्रिम नेतृत्व शिविर में भाग लिया। इसके अतिरिक्त पंजाब के मोलोत शिविर में भी महाविद्यालय के 2 कैडिटों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

दिनाँक 5 नवम्बर से 12 नवम्बर, 2022 तक महाविद्यालय के कैडिटों ने इंडस अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ऊना में आयोजित PRe RD शिविर में भाग लिया।

दिनाँक 12 फरवरी, 2023 को गुरुकुल इंटरनेशल स्कूल सोलन में बी प्रमाण पत्र की प्राप्ति के लिए परीक्षा दी।

इसके उपरान्त 20 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय के कैडिटस ने गुरुकुल इंटरनेशल स्कूल एवं डी.ए.वी. स्कूल सोलन में सी प्रमाण पत्र की परीक्षा दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई डॉ. धनदेव शर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। इस वर्ष 100 छात्र छात्राओं का पंजीकरण इस इकाई में हुआ।

चण्डीगढ़ के राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास कार्यक्रम कार्यालय में मीनाक्षी लुथरा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, रिषभ, नन्दिनी एवं वीना बी.ए. तृतीय वर्ष, हर्षित, दीपक एवं पारस बी.ए. द्वितीय वर्ष ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया।

19 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2022 तक महाविद्यालय के स्वयं सेवी दीप्ती एवं मनीष ने मनाली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के एडवेंचर्स शिविरमें भाग लिया।

इसके अतिरिक्त 15-16 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय की स्वयं सेवी मीनाक्षी लूथरा ने प्री आर डी शिविर में भाग लिया।

## संगीत विभाग –

हेमन्त बंसल बी.कॉम तृतीय वर्ष ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में आयोजित युवा संगीत उत्सव में एकल तबला वादन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वन्दना बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने धुन्दन में आयोजित सितार वादन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा जिला मुख्यालय सोलन में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वर्तिका बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ने जिला युवा खेल विभाग द्वारा धुन्दन में आयोजित हारमोनियम एकल वाद्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में यह तीसरे स्थान पर रही।

## रोवर्स व रेंजर्स –

रोवर्स व रेंजर्स एक रोमांचक और शिक्षाप्रद गतिविधि है जो विद्यार्थियों में आत्म–विश्वास की भावना उत्पन्न कर चरित्र–निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस समय महाविद्यालय में इसकी एक इकाई प्रो. हेम लता और प्रो. पुनीत ठाकुर के नेतृत्व में गठित की गई है, जिसमें 30 रोवर्स (छात्र) और 10 रेंजर्स (छात्राएं) पंजीकृत हैं। इस वर्ष इन इकाईयों की गतिविधियां इस प्रकार रही है–

दिनाँक 29 सितम्बर, 2022 से 3 अक्तूबर, 2022 तक भारत स्काऊट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा छात्रों की प्रतिभा विकास के लिए पायनरिंग पर राज्यस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर (मंडी) में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के तीन रोवर्स ने हिस्सा लिया।

दिनाँक 7 नवम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा भारत स्काऊट एंड गाइड झंडा दिवस मनाया गया जिसमें इकाई के सभी छात्रों ने एक दिवसीय स्वच्छता कैम्प के तहत महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया।

भारत स्काऊट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश के द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर (मंडी) में दिनाँक 17 नवम्बर, 2022 से 21 नवम्बर, 2022 तक पूर्व गणतंत्रता दिवस चयन कैंप का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय से प्रोफेसर हेमलता के साथ 5 रोवर्स तथा 5 रेंजर्स ने कैम्प में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस कैम्प में महाविद्यालय के दो छात्रों का जनवरी 2023 में हिमाचल प्रदेश के राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ।

दिनाँक 18 जनवरी, 2023 से 27 जनवरी, 2023 को भारत स्काऊट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा जनवरी 2023 की गणतंत्र दिवस परेड के लिए कैम्प का आयोजन किया, इसमें महाविद्यालय वाणिज्य संकाय के तृतीय वर्ष के छात्र पुनीत तथा कला संकाय के द्वितीय वर्ष की छात्रा माही ने हिस्सा लिया।

महाविद्यालय में दिनाँक 11 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे–
निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, समूह गान, एकल गान के अतिरिक्त रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई के द्वारा महाविद्यालय में नए छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## क्रिड़ा सम्बन्धी उपलब्धियाँ–

'खेल' अध्ययन का एक अनिवार्य अंग है। खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता आती है बल्कि यह हममें अनुशासन और सामुदायिक भावना भी उत्पन्न करता है। इस वर्ष प्रो. रवि के कुशल नेतृत्व में शारीरिक शिक्षा विभाग ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त कीं। महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया व अधिकतर में विजयी रहे, जिसका विवरण इस प्रकार से है–

29 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों की संख्या 52 थी, जिसमें 30 पुरुष और 22 महिलाओं थी। पुरुष वर्ग में संदीप ने प्रथम, वरुण ने दूसरा तथा शुभम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में भारती ने प्रथम, नीलम ने दूसरा तथा सिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## रोड़ सेफ्टी क्लब की गतिविधियाँ–

दिनाँक 28 नवम्बर, 2022 को दैनिक जागरण एवं RSC राजकीय महाविद्यालय अर्की के संयुक्त तत्वधान में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में विशिष्ट अतिथि श्री गोपाल सिंह थान प्रभारी अर्की, श्री अजय कुमार एवं दैनिक जागरण मीडिया प्रभारी अर्की श्री योगेश चौहान मुख्य अतिथि रहे। महाविद्यालय प्राचार्य, स्टाफ सदस्य एवं RSSC के सदस्य व अन्य छात्र मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि श्री गोपाल सिंह थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक किया और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन न करने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया। छात्रों व अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रैड रिबन क्लब –

दिनाँक 01/12/2022 को रैड रिबन क्लब क द्वारा एवं NCC शाखा द्वारा विश्व एडस दिवस के उपलक्ष्य में एडस जागरूकता व्याख्यान के साथ पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रचार्य रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ICTC काऊन्सलर डॉ. विजय कुमार शांडिल एवं स्वास्थ्य शिक्षक श्री चमन लाल जी ने विद्यार्थियों को व्याख्यान दिए।

## एलो वेरा ईको क्लब–

एलो वेरा ईको क्लब के छात्रों और स्टाफ के सदस्यों द्वारा अर्की कॉलेज में दिनांक 13 अगस्त, 2022 को भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। यह वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मेरे कॉलेज के नाम अभियान के तहत पूरे हिमाचल प्रदेश में हिम कोस्ट द्वारा शुरू किया गया। इस अभियान में सौ से अधिक पौधों को कॉलेज कैंपस में लगाया गया। इस अवसर पर इको क्लब के संयोजक ने छात्रों को वृक्षारोपण अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी। इको क्लब के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प भी लिया।

## चुनावी साक्षरता क्लब –

दिनाँक 12 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय परिसर में ''वोटर पंजीरण शिविर'' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में जो विद्यार्थी 01 अक्तूबर, 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके थे ऐसे लगभग 44 विद्यार्थियों का फार्म नं. 6 भरवाकर वोटर कार्ड बनवाया गया। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाईन एप, गरुड एप इत्यादि ऑनलाइन माध्यम से भी वोटर कार्ड बनवाए गए।

20 अगस्त 2022 को महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुनीष गर्ग, (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों द्वारा पूरी चुनावी प्रक्रिया (चुनाव से पहले, चुनाव के दिन) को एक नाटक/प्रदर्शनी के द्वारा बताया गया। महाविद्यालय के लिए यह काफी हर्ष का विषय था। इस नाटक प्रदर्शनी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया तथा कुछ दिनों के बाद इस नाटक/प्रदर्शनों का आयोजन गियेटी थिएटर शिमला में करवाया गया।

## शिक्षक/गैर शिक्षक–वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियाँः–

डॉ. जगदीश चन्द शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत ने इस वर्ष दस शोध पत्र विभिन्न संस्कृत जर्नलों एवं पुस्तकों में प्रकाशित किए एवं एक कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ. राजन तनवर एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी द्वारा चार शोध पत्रों का प्रकाशन इंटरनेशनल जर्नल में करवाया गया। इनके दो शोध पत्रों का प्रकाशन आई.एस.एस.एन. स्तर की पुस्तकों में हुआ।

इन्होंने दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया तथा दो शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने एस.सी.ई.आर.टी. सोलन में स्कूल स्तर के प्राध्यापकों के लिए दो व्याख्यान दिए।

डॉ. रमेश शर्मा एसिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग ने 21 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2022 तक लघु अवधि फेकेलिटी डवेल्पमेंट कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. रमेश शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल में शोध पत्र का प्रकाशन करवाया। इसके अतिरिक्त डॉ. शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजम महाविद्यालय से लघु अवधि फेकेलिटी डवेल्पमेंट कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त डॉ. शर्मा ने 10–11 सितम्बर, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. हेमराज सूर्या असिस्टेंट प्रोफेसर जूलॉजी ने "Biomolecules and Physiology of life Sustaining System" जम्मू विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल मैनयुअल तैयार किया। डॉ. सूर्या ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्याल से एक सप्ताह का "ICT Tools for Teaching and learning" संकाय विकास कार्यक्रम A Grade में उत्तीर्ण किया। इन्होंने "Uttar Pradesh Journal of Zoology" में Reviewer की भूमिका निभाई।

डॉ. मुनीश शर्मा, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रैक्टिसिजः– पब्लिक एड प्राइवेट सेक्टर बैंकों का तुल्नात्मक अध्ययन'' विषय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इन्होंने इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड एनालिटिकल रिव्यूज में ''कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रैक्टिसेज इन इंडियन बैंकिंग सेक्टर ''ए स्टडी ऑफ पब्लिक एंड प्राइवेट सेक्टर बैंक'' शीर्षक से शोध पत्र भी प्रकाशित किया।

इन्होंने पॉज़िटिफ जर्नल में ''स्वामित्व पैटर्न के प्रभाव और बैंकों के कॉर्पोरेट प्रशासन पर वित्तीय प्रदर्शन का मूल्यांकन'' शीर्षक से यूजीसी केयर ग्रुप जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित किया।

इन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित समाज, पर्यावरण और सतत विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाओं का मूल्यांकन'' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया। इनके द्वारा यूजीसी एच.आर. डी. सी., ए.एम.यू., अलीगढ़ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 22 अगस्त से 24 सितम्बर, 2022 तक 28 दिनों का फैकल्टी डवैल्पमेंट इंडक्शन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इनके द्वारा यूजीसी एच.आर. डी. सी., ए.एम.यू., अलीगढ़ विश्वविद्यालय यूपी द्वारा आयोजित नई शिक्षा प्रणाली-2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला मे भाग लिया गया।

डॉ. सुशील शर्मा सहायक आचार्य वनस्पति विभाग ने दिनाँक 23-24 सितम्बर, 2022 को बायोसाईंस विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''विभिन्न मिट्टी के प्रकारों के प्रमुख माईकोफ्लोरा और पौधों की वृद्धि और विकास में उनकी भूमिका पर एक अध्ययन'' शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इन्होंने 28 अक्तूबर से 11 नवम्बर, 2022 तक टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित लाइफ साइंसेज में दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

डॉ. वीना शर्मा सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने इस वर्ष हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान फेयर लान्ज शिमला द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

प्रो. चमन पिस्ता सहायक आचार्य गणित विभाग ने 21 मार्च, 2022 से 19 अप्रैल, 2022 तक फैक्लटी इंडक्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इन्होंने 27 जुलाई, 2022 से 2 अगस्त, 2022 तक 7 दिवसीय लघु अवधि फैक्लटी डवैल्पमेंट कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त इन्होंने 2 जनवरी, 2023 से 8 जनवरी, 2023 तक 7 दिवसीय फैक्लटी डवैल्पमेंट कार्यक्रम में भी अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। इसके अतिरिक्त इन्होंने 22 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन करवाया।

प्रो. सुमन कुमारी सहायक आचार्य गणित विभाग ने 21 मार्च, 2022 से 19 अप्रैल, 2022 तक फैक्लटी इंडक्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इन्होंने 27 जुलाई, 2022 से 2 अगस्त, 2022 तक 7 दिवसीय लघु अवधि फैक्लटी डवैल्पमेंट कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त इन्होंने 2 जनवरी, 2023 से 8 जनवरी, 2023 तक 7 दिवसीय फैक्लटी डवैल्पमेंट कार्यक्रम में भी अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। इसके अतिरिक्त इन्होंने 22 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन करवाया।

डॉ. संजीव कुमार सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पी. एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके अतिरिक्त इन्होंने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक संस्थान फेयरलॉन्ज़ शिमला द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की। इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजम महाविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स को भी पूर्ण किया।

प्रो. कामिनी शर्मा सहायक आचार्य रसायन विभाग ने अप्रैल 2022 में दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजम महाविद्यालय से A Grade में अभिविन्यास कार्यक्रम पूर्ण किया।

प्रो. रवि राम सहायक आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग ने अप्रैल 2022 में दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजम महाविद्यालय से A Grade में अभिविन्यास कार्यक्रम पूर्ण किया।

श्री रोहित शर्मा वरिष्ठ व्याख्यान सहायक ने इस वर्ष एस.सी.ई.आर.टी सोलन द्वारा आयोजित स्कूल स्तर के प्रयोगशाला परिचरों के लिए विषय विशेषज्ञ के रुप में 27 अप्रैल, 2022 एवं 5 अप्रैल, 2022 को दो व्याख्यान दिए।

# धन्यवाद ज्ञापन

समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय का एक बार पुनः आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने अपनी समस्त व्यस्तताओं के बावजूद, हमारे वार्षिकोत्सव में पधार कर हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

यहाँ उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों तथा अधिकारियों का मैं आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस उत्सव में सम्मिलित होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है।

प्राध्यापक/कर्मचारी वर्ग, महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों व अन्य सभी उपस्थित महानुभाओं का भी धन्यवादी हूँ जिन्होंने आज के इस समारोह को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

अंततः मैं उन सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ, जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त होंगे और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी आप सभी सफलता प्राप्त करेंगे। जिन छात्रों को इस वर्ष पुरस्कार प्राप्ति का अवसर नहीं मिल पाया है, उनसे मैं अपेक्षा करता हूँ कि भविष्य में इस प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त करेंगे। मैं आप सभी के सफल एवं सुखमय भविष्य की कामना करता हूँ।

धन्यवाद

प्रस्तुतकर्ता:
डॉ. जगदीश चन्द (प्राचार्य)
राजकीय महाविद्यालय अर्की,
जिला सोलन (हि.प्र.)